हिन्दी दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान में आयोजित हिन्दी दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित महानिदेशक डॉ. जी. नरेन्द्र कुमार एवं उप-महानिदेशक शशिभूषण।

हैदराबाद, 20 अक्तूबर (मिलाप ब्यूरो)

राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान में मनाए गए हिन्दी पखवाड़े के तहत सम्मेलन कक्ष-1 में हिन्दी दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, हिन्दी दिवस समारोह की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के महानिदेशक डॉ. जी. नरेन्द्र कुमार, आईएएस ने की। उन्होंने सभागार में उपस्थित सभी को हिन्दी दिवस की बधाई देते हुए हिन्दी पखवाड़े के दौरान संस्थान में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने हिन्दी अनुभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को हिन्दी पखवाड़े के आयोजन और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि संस्थान में बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण समग्री का अनुवाद हो रहा है, जो प्रशंसनीय कार्य है।

हिन्दी पखवाड़े के भाग के रूप में संस्थान में सुलेख, अनुवाद, भाषण, टंकण, निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में अधिकारियों/कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। हिन्दी दिवस समारोह के अवसर पर संस्थान के उप महानिदेशक शशिभूषण ने सभी से अपने कार्य में हिन्दी को बढ़ाने का अनुरोध करते हुए विचार व्यक्त किए।

हिन्दी अनुभाग की सहायक निदेशक अनीता पांडे ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक ई. रमेश ने कार्यक्रम का संचालन किया।